एक नजर में

सोमवार से दो दिन नहीं आएगा नलों से पानी

भोपाल. मेट्रो रेल के कार्य तेज गति से किया जा रहा है, जिसके चलते शहर में कहीं पानी की तो कहीं सीवेज जैसी समस्याओं का सामना जनता को करना पड़ रहा है. सोमवार को बैरसिया रोड पर डीआईजी बंगले से आरिफ नगर के बीच मेट्रो रेल कार्पोरेशन द्वारा कोलार जलप्रदाय परियोजना की फीडरमेन लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है. इस कारण जे.पी.नगर, पिंजोमल टेंक, काजी कैम्प, टीला जमालपुरा, आरिफ नगर, कांग्रेस नगर, ग्रीन पार्क, चौकसे नगर, 06 गलियां, छोटी मस्जिद के पास वाली गलियां, नारियलखेड़ा, निशातपुरा क्षेत्र, न्यू आरिफ नगर, रेशम केन्द्र, छोला विश्रामघाट, रम्भा नगर आदि क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित रहेगा.

बैरसिया रोड पर बाघ का मूवमेंट,लोगों में दहशत

भोपाल. वन विभाग बैरसिया रोड पर बाघ मूवमेंट बढ़ने पर सक्रिय हुआ है. बाघ ने ग्रामीण इलाके में कई मवेशियों को भी अपना शिकार बनाया है. इससे करीब 6 से 7 गांवों के लोग दहशत में हैं. लोग रास्ते बदकर आवागमन कर रहे हैं.जानकारी के अनुसार ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम इलाके में सक्रिय है और बाघ के मूवमेंट को लेकर टीम की सर्चिंग जारी है. हालांकि अभी तक टीम को बाघ के बारे में पता नहीं चला है. स्थानीय ग्रामीणों को कुछ दिन पहले छापर, अगरिया, मुगालिया, कनेरा सहित इलाके में बाघ दिखाई दिया. ग्रामीणों की तरफ से यह भी बताया गया है कि बाघ ने अब तक करीब एक दर्जन मवेशियों को अपना शिकार बनाया है.

भूखंड की रजिस्ट्री के लिए से भटक रहा पीड़ित

नगर निगम के राजस्व शाखा का मामला

1989 में तीस वर्ष के लिए लिया था लीज पर

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 9 मई. नगर निगम भोपाल में समय पर कार्य होना संभव नहीं है. जब तक आप वहां के कर्मचारियों और अधिकारियों के चक्कर न काट लो. यह फिर कोई पहचान हो तो शायद जल्द हो जाए. वरना एक टेबल से दूसरे टेबल तक भटकते रहो.

ऐसा ही एक मामला सामने आया है. बटनलाल इनानिया विगत एक वर्ष से अपने बड़े भई श्यामलाल के लीज वाले भूखंड की रजिस्ट्री कराने के लिए नगर निगम के राजस्व शाखा कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं. क्योंकि श्यमलाल की मृत्यु बहुत पहले हो चुकी थी. भूमि स्वामी के भाई बटनलाल ने रजिस्ट्री के लिए आवश्यक दस्तावेज भी जमा कर दिये हैं. उसके बाद कभी उस टेबल पर तो कभी किसी दूसरे अधिकारी के यहां पर भेजा जाता है. जबकि श्यामलाल का किसी भी तरह का कोई पैसा बकाया नहीं है.फिर भी अगर कोई राशि देयक निकलती है तो उसे जमा करने को तैयार है. सूत्रों के अनुसार यह तो एक मामला सामने आया है इस तरह के काफी लोग हैं,जो यहां पर रजिस्ट्री के लिए चक्कर लगा रहे हैं. बताया जाता है कि यहां पर बैठे राजस्व अधिकारी ही फाइल को दबाकर बैठ जाते हैं. उसके बाद जब तक उनसे भूखंड का मालिक मुलाकात नहीं कर लेता तब तक रजिस्ट्री के लिए कार्यवाही होती ही नहीं है. यही स्थिति श्यामलाल के मामले में हो रही है. यह फाइल भी राजस्व अधिकारी के पास रखी है.

एक नजर भूमि के आवंटन पर

नगर निगम ने छोला स्थित कोल एंड टिंबर मार्केट के पास भूखंड क्रमांक 017 साइज 30 / 40 का आवंटन वर्ष 7 जून 1989 को किया गया था. जिसकी शर्त के अनुसार 30 वर्ष के लिए स्थाई रूप से किया गया था. जिसकी किश्त तीन रुपए प्रतिवर्ग फीट से वार्षिक 4500 रुपए प्रतिवर्ष निगम को जमा करना थी. साथ ही सात किस्तों में सौ रुपए प्रतिमाह रखी गई थी. वहीं भू भाटक 4 पैसे प्रतिवर्ग फीट, जो वर्ष का 60 रुपए प्रतिवर्ष जमा करवाया गया.

यह भूखंड मेरे बड़े भाई का है. उनकी मृत्यु पहले हो गई थी. वह नगर निगम के कर्मचारी थे. उनके वेतन से पैसे जमा होते रहे हैं. मैं रजिस्ट्री के लिए एक वर्ष से चक्कर लगा रहा हूं .पता नहीं कब तक रजिस्ट्री हो पाएगी.

बटनलाल, भूखंड मालिक के भाई, नगर निगम कालोनी छोला

मुझे जानकारी मिली है. यह कार्य 17 नंबर जोन से होगा, आप मुझे संबंधित कागज भेज दीजिए में जोन अधिकारी को भेज दूंगा.

विशाल, राजस्व अधिकारी नगर निगम

युवक पर ऑटो चालक और साथी ने किया छुरी से हमला

किराए के लेन-देन को लेकर बना विवाद

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 9 मई. बजरिया थाना इलाके में एक युवक के साथ ऑटो चालक और उसके एक साथी ने मारपीट कर छुरी से हमला कर दिया. आटो में सवार युवक और चालक के बीच किराए के लेन-देन का विवाद शुरू हुआ.

इस हमले का का शिकार युवक के पैर में गंभीर चोट आई है. फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है. अज्ञात आटो चालक और उसके साथी की तलाश में पुलिस जुटी है.

फरियादी सूरज साहू सोनागिरी में किराए के मकान में रहता है. सूरज छत्तीसगढ़ का रहने वाला है और देर रात को उसकी ट्रेन छूट जाने पर वह वापस अपने मकान पर जाने के लिए ऑटो में बैठ गया. इस दौरान हबीबीया स्कूल के पास आटो चालक और सूरज साहू के बीच किराए के लेन-देन को लेकर बहस होने लगी. इस बात से नाराज चालक और उसके साथी ने सूरज के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी. सूरज का आरोप है कि आरोपियों ने अपने पास रखी छुरी से उस पर हमला कर दिया.

शिक्षक कल करेंगे डीपीआई का घेराव

संगीत और नृत्य विषय के चयनित अभ्यर्थी देंगे धरना

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 9 मई. प्रदेश में संगीत और नृत्य विषय के चयनित अभ्यर्थियों ने भी राजधानी में धरना करने का निर्णय लिया है. बता दें बीते लंबे समय से प्रदेश में लगातार शिक्षकों की पद वृद्धि और चयनित शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर धरना किया जा रहा है.

इस बीच अब चयनित अभ्यर्थी संगीत और नृत्य विषय में रुकी हुई नियुक्ति को लेकर डीपीआई का घेराव करने की तैयारी में हैं. अभ्यर्थियों के अनुसार करीब 19 साल के लंबे इंतजार के बाद निकली इस भर्ती में चयन होने के बावजूद अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं दी जा रही है. बार बार नियुक्ति प्रक्रिया को बेवजह टाला जा रहा है. चयनित अभ्यर्थियों के अनुसार परीक्षा संचालन नियम पुस्तिका के नियम 3.28 के तहत चयन सूची जारी होने के 3 माह के भीतर नियुक्ति आदेश जारी हो जाने चाहिए थे.

माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षक संगीत गायन वादन एवं नृत्य परीक्षा 2024 का परिणाम सितंबर 2025 में घोषित हो चुका है और दस्तावेज सत्यापन का कार्य भी पूरा हो गया है. इसके बावजूद 9 से 10 महीने बीत जाने पर भी अब तक नियुक्ति आदेश जारी नहीं किए गए हैं .आश्वासनों से थके अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन के बाद अभ्यर्थी अपनी मांग लेकर 30 जनवरी से लेकर 6 मई तक सात बार डीपीआई कार्यालय के चक्कर लगा चुके हैं .हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है .अब तक न तो पात्र अपात्र की सूची जारी हुई है और न ही चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया शुरू की गई है .चयनित शिक्षकों ने स्पष्ट किया है कि लगातार हो रही अनदेखी के कारण अब वे 11 मई को शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराएंगे.

ई-रिक्शा की टक्कर से व्यक्ति की मौत

भोपाल. पिपलानी थाना क्षेत्र में एक ई-रिक्शा की टक्कर से एक 48 वर्षीय व्यक्ति की शनिवार को मौत हो गई. हादसा शुक्रवार देर रात को तब हुआ, जब व्यक्ति अपने घर के बाहर टहल रहा था. आरोपी रिक्शा चालक हादसे के बाद से फरार हो गया. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. शो क्वार्टर बी सेक्टर निवासी हटे सिंह जादव देर रात का खाना खा कर अपने घर के बाहर टहल रहे थे. इस दौरान उनके घर की तरफ तेज रफ्तार में एक ई-रिक्शा जा रहा था. रिक्शा चालक की लापरवाही से हटे सिंह चपेट में आ गए. गंभीर हालत में हटे सिंह को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई.

चोरी करने वाले आरोपियों का पर्दाफाश

20 लाख का सामान पुलिस ने किया जब्त

भोपाल. रातीबड़ थाना पुलिस ने रेत, गिट्टी, लोहा चोरी करने वाले आरोपियों का पर्दाफाश किया. पुलिस ने चोरी किया सामान रेत, गिट्टी, लोहा एंव घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर ट्राली सहित कुल 20 लाख रुपये का सामान जब्त किया है.

घटना स्थल के आसपास लगे कैमरों की मदद से पुलिस आरोपियों तक पहुंची. तीन लोगों ने मिलकर घटना करने की योजना बनायी थी.

पुलिस के मुताबिक बीते 5 मई को फरियादी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई. फरियादिया ने बताया कि उसने एक प्लॉट ग्राम रातीबड में खरीदा था. इस प्लॉट पर भवन निर्माण का कार्य किया जा रहा था. भवन के 16 कलम डाल कर छत डालने की तैयार की जा रही थी.

इसके साथ ही प्लाट पर 5 हजार लीटर की पानी की टंकी को तोड़कर फेंक दिया गया था. मामले को गंभीरता से लेकर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की. सीसीटीवी कैमरो के आधार पर आरोपियों की पहचान सलाउद्दीन खान, देसराज अहिरवार, योगेन्द्र शर्मा उर्फ पिन्टु के रूप में हुई. पुलिस ने आरोपियों को पकडकर पूछताछ की और आरोपियों ने चोरी की वारदात को स्वीकार किया. तीनो आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया.

गुम हुए 51 मोबाइल फोन मालिकों को लौटाए

सीईआईआर पोर्टल से की गई सर्चिंग

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 9 मई. सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए 51 मोबाइल फोन मालिकों को लौटाए गए. गुम हुए मोबाइल फोन की कीमत लगभग 8 लाख रूपए आंकी गई, जिन्हें अलग-अलग राज्यों से बरामद किया गया.

कमला नगर थाना पुलिस ने खो चुके मोबाइल जब फरियादियों को वापस लौटाए, तो लोगों के चेहरे पर इसकी खुशी साफ दिखाई दी. लोगों ने पुलिस के काम की तरीफ कर अपना आभार भी जताया. थाना कमला नगर पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में गुम हुए मोबाइल फोन की प्रभावी खोज और बरामदगी सुनिश्चित करने, सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से अधिकतम मोबाइल बरामद करने और मोबाइल झपटमारी जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस अधिकारियों की अगुवाई में सफलता मिली. गुम हुए मोबाइल फोन संबंधी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए आवेदकों की शिकायतों के आधार पर पुलिस साइबर पोर्टल सीईआईआर पर मोबाइलों की सर्चिंग के लिए विवरण दर्ज किया.

आवेदकों ने पुलिस का जताया आभार

सर्चिंग के दौरान थाना कमला नगर की साइबर टीम ने सीईआईआर पोर्टल से प्राप्त लोकेशन के आधार पर विभिन्न मोबाइल नंबरों को ट्रैक कर भारत के विभिन्न राज्यों से कुल 51 मोबाइल फोन बरामद किए. बरामद किए गए सभी गुमशुदा मोबाइल फोन संबंधित आवेदकों को सहायक पुलिस आयुक्त टी.टी. नगर भोपाल अंकिता खातकर ने सुपुर्द किए. मोबाइल मिलने पर आवेदकगणों ने पुलिस टीम का आभार जताया.

मैनिट में रिसर्च के लिए 17 तक जमा होंगे आवेदन

भोपाल. मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में जूनियर रिसर्च फेलो के पद पर भर्ती निकाली है. इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन और जरूरी दस्तावेज 17 मई तक ईमेल के माध्यम से भेज सकते हैं. भर्ती प्रक्रिया के तहत 18 मई को ऑनलाइन इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा. जिसमें केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ही इंटरव्यू की जानकारी दी जाएगी. बता दें यह पद पूरी तरह से प्रोजेक्ट आधारित है और अस्थाई रूप से भरा जाएगा. इच्छुक उम्मीदवार आवेदन के लिए आधिकारिक वेबसाइट से अआधिक जानकारी ले सकते है. वहीं यह नियुक्ति इंडस वाटर ट्रीटी वेस्टर्न बेसिन में सूखे के प्रभाव और पानी की कमी को समझने से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के लिए की जा रही है.

दो परिवारों के बीच खूनी संघर्ष

08 लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई

लाठी-डंडे के हमले से लोग घायल

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 9 मई. नजीराबाद थाना क्षेत्र में दो परिवारों के बीच खूनी संघर्ष हो गया. दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर लाठी-डंडे से हमला किया. खूनी संघर्ष में दोनों ही पक्ष के करीब 7 से 8 लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है. झगड़ा एक किशोरी के अपहरण करने को लेकर हुए शुरू हुआ था.

मामले में पुलिस ने बलवा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है. जानकारी के मुताबिक ग्रामीण इलाके में रहने वाले एक परिवार की नाबालिग लड़की को उसी गांव का रहने वाले अरविंद ने कुछ महीने पहले अपहरण कर लिया था. आरोप है कि अरविंद ने दौरान लड़की के साथ शारीरिक शोषण भी किया. नाबालिग अरविंद के ही घर में रहती है और गर्भवती है. इस बात से नाराज लड़की के परिवार के लोगों और अरविंद के परिवार के लोगों के बीच शुक्रवार को देर रात बहस हुई. बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्ष के दर्जनभर लोग मारपीट पर उतर आए और लाठी-डंडे से हमला कर दिया. आधा दर्जन लोग घायल हो गए.

नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी, मारपीट

भोपाल. छोला मंदिर थाना पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी कर मारपीट करने वाले आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है. आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है. जानकारी के मुताबिक आरोपी युवक तरूण गुर्जर ने 15 साल की लड़की के साथ शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात को छेड़खानी कर मारपीट कर दी. आरोप है कि आरोपी पिछले कई दिनों से नाबालिग लड़की का पीछा कर रहा था. देर रात को नाबालिग ने अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर आरोपी तरूण के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई.

हुजूर तहसील में दो करोड़ की सरकारी भूमि से कब्जा हटाया

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 9 मई. हूजूर तहसील के अंतर्गत करोड़ों की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शनिवार को की गई.

यह कार्रवाई कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन अनुविभागीय अधिकारी हुजूर विनोद सोनकिया एवं अतिरिक्त तहसीलदार तहसील हुजूर अतुल शर्मा के नेतृत्व की गई. तहसीलदार अतुल शर्मा ने बताया कि पटवारी एवं पुलिस के द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए ग्राम अरेड़ी स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 292 एवं खसरा नंबर 293 की कुल रकबा 02 एकड़ पर से अवैध कब्जा हटाया गया.

इस भूमि की शासकीय मूल्य लगभग 02 करोड़ रुपए है. इसका बाजार मूल्य लगभग 05 करोड़ है. उक्त संपूर्ण भूमि अवैध कब्जे से मुक्त कराई जाकर शासकीय योजनों हेतु सुरक्षित की गई.

तार चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

03 आरोपियों को किया गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 9 मई. बैरसिया थाना पुलिस ने तार चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया. आरोपियों के पास से पुलिस ने करीब 17 लाख रुपए के चोरी के बिजली के तार और एक महंगी कार जब्त किया है.

पुलिस के मुताबिक बीते गुरुवार को फरियादी ब्रजकिशोर सिंह निवासी बैरसिया ने थाने में शिकायत दर्ज कराई. फरियादी ने

पुलिस को बताया कि रात के समय एक पेट्रोल पंप के पीछे के 13 स्पान (गाले) के बिजली के तार को कोई अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया. पुलिस ने घटना स्थल पर आने-जाने रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले. इस दौरान चोरी की संलिप्ता से जुड़े व्यक्तियों की जानकारी पुलिस को मिली. पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8 गाले के बिजली के एल्युमिनियम के तार और घटना में प्रयुक्त की गई एक कार को जब्त किया. आरोपियों से पूछताछ कर उनके गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है. पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान इमामउद्धीन (20), राजा खान (20) और अरमान (23) निवासी विदिशा के रुप में की गई है.

मेट्रो प्रगति ▶ अंडरग्राउंड निर्माण कार्य लगातार जारी

मेट्रो परियोजना में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल

निज संवाददाता

भोपाल,9 मई. राजधानी भोपाल में मेट्रो परियोजना का काम तेज गति से आगे बढ़ रहा है. शहर की यातायात व्यवस्था को आधुनिक और सुगम बनाने के उद्देश्य से चल रही इस परियोजना के तहत रेलवे स्टेशन क्षेत्र में अंडरग्राउंड निर्माण कार्य लगातार जारी है.

भूमिगत सुरंग और स्टेशन निर्माण का कार्य करीब 24 मीटर यानी लगभग 70 से 75 फीट गहराई में किया जा रहा है, जहां सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है. मेट्रो परियोजना के तहत सुरंग निर्माण के लिए अत्याधुनिक टीबीएम मशीनों का उपयोग किया जा रहा है. खास बात यह है कि निर्माण एजेंसी ने इन मशीनों के नाम देश की वीरांगनाओं रानी दुर्गावती और अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखे हैं. अधिकारियों के अनुसार यह कदम मातृ शक्ति वंदन और महिला सम्मान के उद्देश्य से उठाया गया है. वर्तमान में रानी दुर्गावती नाम की मशीन से खुदाई का कार्य जारी है, जबकि अहिल्याबाई मशीन को इंस्टॉल किया जा रहा है और इसे जल्द शुरू किया जाएगा. अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन पुलपातरा से रेलवे स्टेशन तक जाएगी. इसके बाद यह लाइन नादरा बस स्टैंड क्षेत्र तक पहुंचेगी और वहां से आगे सिंधी कॉलोनी की ओर बाहर निकलेगी.

निर्माण कार्य में कट एंड कवर तकनीक के साथ आधुनिक सुरक्षा उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है. सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्माण स्थल पर केवल निर्माण विशेषज्ञ को ही प्रवेश की अनुमति है. मजदूरों और तकनीकी कर्मचारियों के लिए हेलमेट, सेफ्टी जैकेट, सुरक्षा जूते और अन्य जरूरी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं. साथ ही एयर क्वालिटी जांच मशीन और वेंटिलेशन व्यवस्था भी लगातार संचालित की जा रही है. परियोजना से जुड़े कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है ताकि निर्माण कार्य सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से पूरा हो सके. मजदूरों के लिए शेड, विश्राम और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी की गई है.